# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

## प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / मैमो. दिनांक 13–11–2025 द्वारा स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य / बैक / एक्स के समस्त विषम सेमेस्टर (तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम) के परीक्षा आवेदन पत्र तथा ई0आर0पी0 पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल को अतिरिक्त विलम्ब शुल्क 50 प्रतिशत के साथ दिनांक 20–11–2025 तक भरे जाने हेतु पोर्टल खोला गया है।

**तद्क्रम में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति एवं व्यापक छात्रहित में उक्त अतिरिक्त विलम्ब शुल्क को हटा दिया गया है। अतः सन्दर्भित परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल बिना किसी विलम्ब शुल्क के दिनांक 20–11–2025 तक खोले जा रहे हैं।**

अतः उपरोक्तानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम सेमेस्टर तथा स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर बैक की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 20–11–2025 तक समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल (kunainital.samarth.edu.in व kuntl.net) के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।

**सूच्य है कि ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा अद्यतन दिनांक तक विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र भरा गया है ऐसे विद्यार्थियों को विलम्ब शुल्क वापसी से सम्बन्धित सूचना विश्वविद्यालय पोर्टल पर पृथक से अपलोड कर दी जायेगी। दिनांक 20–11–2025 के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्र न भरे जाने की स्थिति में ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।**

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल

पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / 2298 — दिनांकः 15–11–2025

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 16–11–2025 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

| | |
|---|---|
| अमर उजाला, नैनीताल। | दैनिक जागरण, नैनीताल। |
| हिन्दुस्तान, नैनीताल। | उत्तर उजाला, नैनीताल। |
| दैनिक आज, नैनीताल। | उत्तरांचल दीप। |
| शाह टाइम्स, नैनीताल। | राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल। |
| न्यूज प्रिंट, नैनीताल। | |

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।

3– नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, कु0वि0वि0 नैनीताल।

4– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

5– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल